आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 18.11.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार थमा। 20 नवंबर को होगा मतदान।
- केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का युवाओं से आह्वान— ''मेरा भारत'' मंच पर आएं और प्रतियोगिता में भाग लेकर विकसित भारत में योगदान दें।
- केंद्रीय राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने आकांक्षी हरिद्वार जिले में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की।
- पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बच्चों तक मानकों की जानकारी पहुंचाने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा का शीतकाल के लिए हुआ समापन। इस साल 46 लाख 6 हजार 275 श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।

केदारनाथ उप चुनाव

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम थम गया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उत्तराखंड क्रांति दल, कांग्रेस, भाजपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुप्तकाशी में पार्टी प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि केदारनाथ विधानसभा में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के समर्थन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मतदाताओं से संपर्क कर मतदान की अपील की। इस बीच चुनाव आयोग ने मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज सात पोलिंग पार्टियां दूरस्थ क्षेत्रों के लिए रवाना की गईं, जबकि कल 166 पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों को रवाना करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान प्रशासन की प्राथमिकता है, इसके लिए सभी को पूरी निष्ठा से काम करना होगा। वहीं, सामान्य चुनाव प्रेक्षक विनोद शेषन ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट से हो रहे मतदान का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर लगे सभी कार्मिकों का मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 अगले वर्ष 11 और 12 जनवरी को विकसित भारत युवा नेताओं के संवाद के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मंच देश की युवा शक्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बातचीत करने और अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। डॉ मांडविया ने देश के युवाओं से 25 नवंबर से 5 दिसम्बर 2024 तक ''माई भारत'' मंच पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया। श्री मांडविया ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य देश भर के युवाओं में प्रतिभा की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है, साथ ही उन्हें विकसित भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं को शीर्ष निर्णय निर्माताओं और प्रतिष्ठित वैश्विक और राष्ट्रीय हस्तियों से जोड़ेगा। श्री मांडाविया ने कहा कि यह संवाद देश के युवाओं को विकसित भारत के वाहक बनने के लिए सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आकांक्षी जिला बैठक

केंद्रीय विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने आकांक्षी जिले के तहत चयनित हरिद्वार जिले में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। आज हरिद्वार में आयोजित बैठक में केंदीय राज्य मंत्री ने नीति आयोग के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक सुझाव दिए। गौरतलब है कि हरिद्वार जिला देश के 1 सौ 12 आकांक्षी जिलों में से एक है।

भारतीय मानक ब्यूरो

पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बच्चों तक मानकों की जानकारी पहुंचाने में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। हरिद्वार में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आयोजित– ''मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखना'' कार्यशाला में श्री कौशिक ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक स्कूलों में बच्चों तक मानकों की जानकारी पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो के पास विभिन्न वस्तुओं को प्रमाणित करने की जिम्मेदारी है। यह बहुत महत्वपूर्ण कार्य है और इससे देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शीतकाल के लिए समाप्त हो गई है। इस साल 46 लाख 06 हजार 275 श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए। सर्वाधिक

16 लाख 52 हजार 76 तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ और 14 लाख 24 हजार 171 ने बदरीनाथ की यात्रा की। वहीं, उत्तरकाशी के यमुनोत्री धाम में 7 लाख 14 हजार 755 श्रद्धालु और गंगोत्री धाम में 8 लाख 15 हजार 273 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इस बीच, सेना के बैंड के भक्तिमय धुनों और बदरी विशाल के उद्‌घोष के साथ श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी तथा आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी बदरीनाथ से योग बदरी पांडुकेश्वर मंदिर पहुंच गयी ळें आदि गुरू शंकराचार्य की गद्दी और रावल धर्माधिकारी वेदपाठी कल नृसिह मंदिर ज्योर्तिमठ पहुचेंगे। इसके साथ ही योग बदरी पांडुकेश्वर और श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ में शीतकालीन पूजायें भी शुरू हो जायेगी।

## पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग के राजस्व ग्राम तरवाड़ी में पंचांग पूजन और धार्मिक परंपराओं के साथ पांडव नृत्य का आयोजन शुरू हो गया है। पांडव पश्वा अस्त्र–शस्त्रों के साथ नृत्य कर रहे हैं और पांडव नृत्य को देखने दूर–दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। तरवाड़ी गांव में 20 दिवसीय इस अनुष्ठान में पारंपरिक जागर गीतों के साथ पांडवों का आह्‌वान किया जाता है। ग्रामीण किशन सिंह रावत का कहना है कि जागरों में महाभारत काल की घटनाओं को पांडवानी अंदाज में ढोल की थाप के साथ गाया जाता है। उन्होंने बताया कि पांडव नृत्य की ये परंपरा सैकड़ो साल पुरानी है और इसे जीवंत रखने के लिए ये आयोजन किया जाता हे।

## कूड़ा निस्तारण

प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर ऋषिकेश नगर निगम ने अन्य नगर निकायों के लिए मिसाल कायम की है। नगर निगम न सिर्फ प्लास्टिक कचरे को सफलतापूर्वक एकत्र कर रहा है, बल्कि उसे रिसाइकिल कर फिर कई तरह से उपयोग में ला रहा है। ऋषिकेश तीर्थ नगरी होने के साथ राफ्टिंग और कैंपिंग का प्रमुख केंद्र है। इसलिए यहां सालभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी की पहल पर ऋषिकेश नगर निगम ने सबसे पहले आईएसबीटी, त्रिवेणी घाट और वीरभद्र में प्लास्टिक बैंक स्थापित किए। प्लास्टिक बैंक के लिए बॉक्स बनाने में पुरानी प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल किया गया। जिसमें लोग खुद ही खाली बोतलें या अन्य प्लास्टिक कचरा डालते हैं। अब तक इन प्लास्टिक बैंकों से करीब 400 किलो प्लास्टिक रिसाइकिल किया जा चुका है। नगर आयुक्त ने बताया कि ऋषिकेश नगर निगम ने प्लास्टिक कचरे से ''वेस्ट टू वंडर'' पार्क भी तैयार किया है, जिसमें पुराने टायर, खराब स्ट्रीट लाइट, साइकिल और

स्कूटर जैसी वस्तुओं से बच्चों के झूले और सजावटी सामान बनाए गए हैं। महिला समूह भी कूड़ा निस्तारण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## कूड़ा निस्तारण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कूड़ा उठान का कार्य कर रही दो निजी कंपनियों से कार्य वापस ले लिया है। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम ने 47 वार्डो से डोर–टू–डोर कूड़ा उठान के लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं, शेष 26 वार्डो से भी डोर–टू–डोर कूड़ा उठान के लिए जल्द निविदा आमंत्रित की जाएंगी। गौरतलब है कि शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने पहले भी निजी कंपनियों को चेतावनी जारी करने के साथ ही अर्थ दंड का जुर्माना भी लगाया था।

## संस्कृत प्रतियोगिता

संस्कृत भाषा के प्रचार और संवर्द्धन के लिए 22 नवंबर को प्रदेश के सभी 95 विकास खंडों में संस्कृत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव डॉ. वाजश्रवा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 23 नवंबर को होगा।

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड

आयुष्मान वय वंदना कार्ड ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को नामांकित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह कार्ड बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अक्टूबर को लॉन्च किए जाने के तीन सप्ताह के भीतर हासिल की गई। अब तक इस योजना के तहत 9 करोड़ रूपये खर्च किये गये। जिससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 4 हजार 800 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें 1 हजार 400 से अधिक महिलाएं शामिल हैं।